


विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2
ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




शुक्रवार, 03 अप्रैल 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 168, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## ट्रंप की धमकी, ईरान पर बम बरसाकर उसे पाषाण युग में पहुंचा देंगे

**न्यूयार्क।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर धमकी दी है कि अमेरिका आने वाले हफ़्तों में ईरान पर बमबारी करेगा और उसे 'पाषाण युग' में पहुँचा देगा. भारतीय समयानुसार गुरुवार की सुबह व्हाइट हाउस में अपने संबोधन में उन्होंने कहा, हम अगले दो से तीन हफ़्तों में उन (ईरान) पर बहुत बड़ा हमला करने जा रहे हैं. हम उन्हें वापस पाषाण युग में पहुँचा देंगे, जो उनकी जगह है. ट्रंप ने दोहराया कि अमेरिका अगले दो-तीन हफ़्तों में ईरान से निकल जाएगा. ट्रंप प्रशासन ने ईरान युद्ध शुरू होने के समय कहा था कि संघर्ष चार से छह हफ़्तों से ज़्यादा नहीं चलेगा. ट्रंप ने अपने 19 मिनटों के संबोधन में ये दावा किया कि ईरान के ख़िलाफ़ युद्ध का मक़सद पूरा होने के बेहद क़रीब है. ट्रंप के भाषण के फ़ौरन बाद तेल की क़ीमतों में उछाल आई और एशियाई बाज़ारों में भी गिरावट दर्ज की गई. ट्रंप ने अपने संबोधन में कहा, हम इसराइल का और मिडिल ईस्ट के अपने बाक़ी सहयोगियों जैसे सऊदी अरब, बहरीन, क़तर, कुवैत और यूएई को उनके सहयोग के लिए शुक्रिया अदा करते हैं. तेहरान में 15 जून 2025 को एक तेल डिपो पर इसराइली हमले के बाद उठता धुआं क्या हम तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ रहे हैं या इसके ख़तरे को बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया जा रहा है? सिंधु घाटी सभ्यता का एक रेखाचित्र हज़ारों साल पुरानी 'विकसित और आधुनिक' सिंधु घाटी सभ्यता का अंत कैसे हुआ? ईरान के साथ अमेरिका-इसराइल की जंग शुरू होने से पहले छह फ़रवरी 2026 को ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग़ची ने मस्कट में ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र



हमाद अल बुसैदी से मुलाक़ात की थी. जंग से पहले ओमान मध्यस्थता कर रहा था ईरान खाड़ी के बाक़ी देशों की तुलना में ओमान को लेकर नरम क्यों? ट्रंप के मुताबिक़ बिना किसी उकसावे के ईरान ने इन देशों पर हमला किया इससे साबित होता है कि वो इस इलाक़े के लिए कितना बड़ा ख़तरा है. डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह यह संबोधन इसलिए दे रहे हैं ताकि लोगों को समझा सकें कि एपिक फ़्यूरी अमेरिका और दुनिया की सुरक्षा के लिए क्यों ज़रूरी है. अमेरिका ने ईरान के ख़िलाफ़ अपनी सैन्य कार्रवाई को 'एपिक फ़्यूरी' नाम दिया है. ट्रंप ने कहा कि पिछले 47 वर्षों में ईरान या उसके समर्थित समूहों ने कई चरमपंथी हमले और अन्य कार्रवाइयां कीं. उन्होंने ईरान की सत्ता को 'हत्यारी' बताया. उन्होंने हाल ही में देश में हुए विरोध प्रदर्शनों पर कार्रवाई का भी उल्लेख किया, जिसमें कई लोग मारे गए थे. उन्होंने कहा कि ऐसे नेताओं को परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती. मैं ऐसा कभी नहीं होने दूँगा. डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका एक सैन्य ताक़त के रूप में अजेय है. उन्होंने इस युद्ध को अमेरिका की आने वाली पीढ़ियों के लिए 'एक सच्चा निवेश (इन्वेस्टमेंट)' बताया. इसके बाद उन्होंने 20वीं और 21वीं सदी के युद्धों की अवधि का ज़िक्र करते हुए कहा कि वे कई वर्षों तक चले, जबकि यह संघर्ष अभी तक सिर्फ़ 32 दिनों से जारी है. ट्रंप ने दावा किया कि अब अमेरिकी नागरिक ईरानी आक्रामकता और 'परमाणु ब्लैकमेल' के ख़तरे में नहीं हैं. उनके मुताबिक़, अमेरिका अब पहले से कहीं ज़्यादा सुरक्षित, मज़बूत और समृद्ध होगा. बीबीसी के बिज़नेस रिपोर्टर पीटर हॉसकिंस के मुताबिक़ ट्रंप के संबोधन से अंतरराष्ट्रीय तेल बाज़ार को इस बात को लेकर कोई भरोसा नहीं मिला है कि होर्मुज़ स्ट्रेट कब खुलेगा. राष्ट्रपति के बोलना शुरू करने से पहले बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की क़ीमत क़रीब 100 डॉलर प्रति बैरल पर थी. संबोधन के दौरान इसमें उतार-चढ़ाव रहा, लेकिन अब क़ीमत फिर ऊपर जा रही है और फ़िलहाल लगभग 4त्न बढ़कर 105.38 डॉलर पर पहुँच गई है. होर्मुज़ स्ट्रेट ग्लोबल इकॉनमी के लिए बेहद अहम है, क्योंकि दुनिया की क़रीब 20त्न ऊर्जा आपूर्ति आमतौर पर इसी सँकरे समुद्री रास्ते से गुज़रती है. ईरान ने अमेरिकी और इसराइली हवाई हमलों के जवाब में इस जलमार्ग का इस्तेमाल करने वाले जहाज़ों पर हमला करने की धमकी दी थी.

## भीषण गर्मी में राहत: समाजसेवी संदीप महोबिया द्वारा प्याऊ घर का शुभारंभ



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर में लगातार बढ़ते तापमान ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। गर्मी 40 डिग्री के पार पहुंचने से आमजन खासे परेशान हैं। ऐसे हालात को देखते हुए नगर के समाजसेवी संदीप महोबिया ने सराहनीय पहल करते हुए आज हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मुख्य मार्ग बाजार लाइन में च्प्याऊ घरज् का उद्घाटन किया। इस प्याऊ घर के माध्यम से राहगीरों और बाजार में आने-जाने वाले लोगों के लिए ठंडे पेयजल की व्यवस्था की गई है, जिससे उन्हें भीषण गर्मी में राहत मिल सके। उद्घाटन के अवसर पर बाजार लाइन के सभी व्यापारीगण उपस्थित रहे और इस जनहितकारी कार्य की सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ पूजा-पाठ से हुई, जिसे अशोक पंचरत्न जी (संचालक, पंचरत्न पेट्रोल पंप) द्वारा संपन्न कराया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम एवं प्याऊ घर का उद्घाटन भैरी बाई केवटिन के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर के प्रमुख नागरिक एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे, जिनमें अशोक पंचरत्न, मनोज यादव, संदीप जैन, विशू महोबिया, मोटू जैन, गिरीश श्रीवास, दूज राम साहू, यशवंत जैन, गोपाल यादव, कृष्णा विश्वकर्मा, ईशान मेश्राम तथा गुप्ता जी (बर्तन दुकान) प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में पत्रकार अंकित महोबिया एवं शैलेश तिवारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने इस जनसेवा कार्य की सराहना की। दोनों पत्रकारों ने कहा कि इस भीषण गर्मी में इस प्रकार की पहल आमजन के लिए अत्यंत राहतकारी और प्रेरणादायक है। समाजसेवी संदीप महोबिया ने बताया कि गर्मी के इस कठिन समय में लोगों को स्वच्छ और ठंडा पानी उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से इस प्याऊ घर की शुरुआत की गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। स्थानीय लोगों ने इस पहल को सराहा और कहा कि ऐसे कार्य समाज में प्रेरणा देने वाले होते हैं। यह प्याऊ घर न केवल लोगों को गर्मी से राहत देगा, बल्कि समाजसेवा की एक मिसाल भी बनेगा।

## हनुमान जयंती पर मानव सेवा की मिसाल

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में युवा शक्ति फाउंडेशन द्वारा भव्य रक्तदान शिविर आयोजित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर युवा शक्ति फाउंडेशन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भव्य एवं प्रेरणादायक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भगवान हनुमान के सेवा, समर्पण और परोपकार के आदर्शों से प्रेरित इस आयोजन में क्षेत्रभर के युवाओं, नागरिकों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था—कई युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर समाज सेवा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया, वहीं अनुभवी रक्तदाताओं ने भी नियमित रूप से इस पुण्य कार्य में अपनी भागीदारी निभाई। युवाओं ने न केवल स्वयं रक्तदान किया, बल्कि अपने मित्रों, परिवारजनों एवं आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित किया, जिससे शिविर में जनसहभागिता उल्लेखनीय रही। इस आयोजन को सफल बनाने में नगर के नागरिकों का भी सराहनीय सहयोग रहा। स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर न केवल रक्तदान किया, बल्कि आयोजन की व्यवस्थाओं में भी सक्रिय योगदान दिया। इसके साथ ही स्थानीय पत्रकारों का विशेष सहयोग उल्लेखनीय रहा, जिन्होंने इस सामाजिक पहल को व्यापक स्तर पर प्रसारित कर समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति एवं सहयोग ने आयोजन को और अधिक गरिमा प्रदान की। जनप्रतिनिधियों ने युवाओं के इस सराहनीय प्रयास की खुलकर प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं तथा जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर के दौरान रक्तदाताओं के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं एवं सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा गया। रक्तदान करने वाले सभी प्रतिभागियों को संस्था की ओर से सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे उनका उत्साह और बढ़ा। आयोजकों ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान न केवल एक महान दान है, बल्कि यह किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए जीवनदान के समान है। उन्होंने सभी नागरिकों से समय-समय पर रक्तदान करने और इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। अंत में, युवा शक्ति फाउंडेशन ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों, नगरवासियों, पत्रकारों एवं जनप्रतिनिधियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।



## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में छत्तीसगढ़ के हॉकी खिलाड़ियों ने रचा इतिहास

### खेल उस क्षेत्र में नई उम्मीद लेकर आया, जिसकी पहचान कभी संघर्ष से होती थी - फिरोज अंसारी

राजनांदगांव। खेल एवं युवा मामले भारत सरकार,के मार्गदर्शन में पहली खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की मेजबानी छत्तीसगढ़ को मिली थी जिसमें जनजातिय युवा खिलाड़ियों के हुनर को निखारने का एक सुनहरा अवसर इस आयोजन से इसी कड़ी में दिनांक 1 अप्रैल 2026 को हॉकी का फाइनल मैच और समापन समारोह सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में सम्पन्न हुई अतिथि के रूप में उपस्थित संचालक ने अपने उद्बोधन में कहा, ज्ज् एक समय था जब छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद के लिए जाना जाता था, और यहां के लोगों को एक पिछड़ा समुदाय माना जाता था। आज, मुझे लगता है कि इस क्षेत्र के लिए एक नई दिशा खुल रही है। नक्सलवाद का खात्मा हो चुका है और खेल के माध्यम से, इस धरती के युवा अब अपनी ऊर्जा और क्षमता को सामने ला सकते हैं और देश के लिए खेल सकते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष श्री फिरोज़ अंसारी ने बताया कि च्खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026ज् के दौरान आयोजन को सफल बनाने में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) टीम के प्रयासों की सराहना करते है और कहा कि एथलीटों, स्थानीय समुदाय और इस क्षेत्र के लोगों की ओर से मिली प्रतिक्रिया बेहद उत्साहजनक है। देशभर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 2,500 से ज्यादा एथलीट अलग-अलग खेलों में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में हिस्सा ले रहे हैं। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स केंद्र सरकार की उस प्रतिबद्धता को दिखाता है जिसके तहत आदिवासी युवाओं को अपना भविष्य बनाने के लिए एक मंच दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह खेल एक नई उम्मीद हैं और यह संकेत कि उनकी काबिलियत को पहचाना जा रहा है और उस पर सबसे ऊंचे स्तर पर निवेश किया जा रहा है। समापन समारोह के दौरान संचालक श्रीमती तनुजा सलाम (आई पी एस) और श्री फिरोज़ अंसारी ने हॉकी में बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर रही टीम ओडिशा द्वितीय स्थान पर टीम झारखंड और तीसरे स्थान पर मेजबान छत्तीसगढ़ को मैडल तथा शुभंकर मोरवीर दे कर सम्मानित किए उसके साथ ही बालिका वर्ग में प्रथम हॉकी ओडिशा द्वितीय हॉकी झारखंड तृतीय हॉकी मिजोरम की बालिकाओं को भी मेडल और मोरवीर दे कर सम्मानित किया गया। श्री अंसारी ने ट्राइबल गेम्स की इस सफल आयोजन के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) छत्तीसगढ़। शासन, तथा इस आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं दी।




## ग्राम भेजराटोला में हनुमान जन्मोत्सव व कला मंच लोकार्पण संपन्न

**खुज्जी।** ग्राम पंचायत गोपालपुर अंतर्गत ग्राम भेजराटोला में गुरुवार, 02 अप्रैल 2026 को हनुमान जन्मोत्सव एवं कला मंच लोकार्पण कार्यक्रम हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा पाठ, हवन एवं आरती के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय भोलाराम साहू जी उपस्थित रहे। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने कला मंच का लोकार्पण किया, जो ग्राम में सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा देने का कार्य करेगा। अपने संबोधन में विधायक श्री साहू ने ग्रामवासियों की एकजुटता एवं सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने आयोजन की सफलता पर सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया तथा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभा बालिका मानस मंडली पुर्रामटोला द्वारा प्रस्तुत रामायण आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर राजकुमारी सिन्हा (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, छुरिया), राजकुमार सिन्हा (महामंत्री, जिला कांग्रेस कमेटी), मनोज सिन्हा (पूर्व सदस्य, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग), प्रताप सिंह घावड़े (अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा), मदन नेताम (समाजसेवी), श्रीमती रोशनी ठाकुर (सरपंच, ग्राम पंचायत गोपालपुर), जितेन्द्र मंडावी (ग्राम पटेल) सहित पंचगण एवं ग्राम के प्रमुख नागरिकों—सहदेव कुंजाम, जयंतीबाई मंडावी, निर्मलाबाई मंडावी, देवसिंग उइके, दसरथ कोर्राम, घसिया यादव, पूर्णिमा नेताम, पार्वती बाई कुंजाम—की गरिमामयी उपस्थिति रही।






राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जय श्री राम सेवा हनुमान समिति द्वारा मानव मंदिर चौक स्थित हनुमान मंदिर के समीप शाम 4 बजे से पोहा का वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के नितिन अग्रवाल,प्रतीक अग्रवाल , राजेश डागा , संजय जैन, सौरभ रिजवानी, संतोष खंडेलवाल, प्रवीण गोलछा, बंटी जैन, राजेंद्र अग्रवाल, विकास दत्ता , एवं भरत सोनी आदि ने सेवाएं दी।

## लेटे हुए श्री हनुमानजी के दर्शन से पूर्ण होती हैं मनोकामनाएँ : खपरीकला में आस्था का अनोखा केंद्र

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के अंतर्गत डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खपरीकला में इन दिनों आस्था और श्रद्धा का एक अद्भुत केंद्र विकसित हो रहा है। शांत वातावरण में लगभग 24 डिसमिल दान की भूमि पर निर्मित हो रहा यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि पौराणिक मान्यताओं और लोकविश्वास का जीवंत उदाहरण भी बनता जा रहा है। यहाँ स्थापित 8 फीट लंबे लेटे हुए श्री हनुमानजी की प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र है, जिसके दर्शन मात्र से भक्तों की मनोकामनाएँ पूर्ण होने की मान्यता तेजी से फैल रही है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, श्री हनुमानजी को अपार शक्ति, भक्ति और सेवा का प्रतीक माना जाता है। रामायण में वर्णित है कि जब माता सीता ने लंका में हनुमानजी के पराक्रम को देखकर उन्हें विश्राम करने का आदेश दिया, तब उन्होंने पहली बार विश्राम किया। इसी प्रसंग से प्रेरणा लेकर खपरीकला में हनुमानजी की लेटी हुई प्रतिमा स्थापित की गई है, जो उनके उस विश्राम काल का प्रतीक है। यह स्वरूप भक्तों को यह संदेश देता है कि सेवा और संघर्ष के साथ-साथ जीवन में विश्राम भी आवश्यक है। मंदिर के सेवक राजनारायण प्रसाद, जो टाटा नगर के निवासी हैं, बताते हैं कि उन्हें स्वयं बजरंगबली ने स्वप्न में दर्शन दिए थे। स्वप्न में दिखे उसी स्थान की खोज करते हुए वे छत्तीसगढ़ पहुंचे और अंततः खपरीकला गांव को पहचाना। इसे वे भगवान की कृपा और आह्वान मानते हैं। इसके बाद उन्होंने स्थानीय लोगों के सहयोग से मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ किया, जो आज निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। इस पुनीत कार्य में ग्राम के दानदाताओं भूपेंद्र कवर और नारद कवर का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने 24 डिसमिल भूमि दान में दी। इसके अतिरिक्त जयंती साहू सहित संस्था से जुड़े अनेक लोगों ने इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रामीणों जैसे उमाशंकर साहू, गजेंद्र साहू, ओंकार साहू, पीताम्बर साहू, गोकुल यादव, डाबरी साहू, सत्यप्रकाश साहू, रमेश साहू तथा अन्य सहयोगियों ने तन-मन-धन से इस धार्मिक स्थल को आकार देने में योगदान दिया। ग्राम सरपंच माधुरी साहू और परमानंद साहू का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। हाल ही में यहाँ भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के साथ-साथ राहगीरों ने भी बड़ी संख्या में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक भावना को सुदृढ़ करता है, बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। भविष्य में यह स्थल च्श्री बालाजी धामज्ज् के नाम से विख्यात होने की दिशा में अग्रसर है। यहां की शांति, आस्था और पौराणिक प्रेरणा इसे एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित कर सकती है। लेटे हुए हनुमानजी की यह अद्भुत प्रतिमा न केवल श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है, बल्कि उन्हें जीवन के संतुलन, सेवा और विश्राम के महत्व का भी संदेश देती है। इस प्रकार खपरीकला का यह मंदिर श्रद्धा, विश्वास और पौराणिक परंपराओं का सुंदर संगम बनकर उभर रहा है, जहां हर आने वाला भक्त आत्मिक शांति और आशा का अनुभव करता है।



CMYK

## दर्री में आम्बेडकर जयंती की तैयारी जोरो पर



**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव विकासखंड के आश्रित ग्राम दर्री में इन दिनों बौद्ध समाज के उपासकों द्वारा आगामी 14 अप्रैल डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की जयंती की तैयारी इस समय चुल स्तर पर चल रहा है, जहां बुद्ध और आम्बेडकर की प्रतिमा का रंगरोपन किया जा रहा है, वहीं सम्पूर्ण बौद्ध परिवार को नये रूप में सजाया जा रहा है, समिति के संदीप घोड़ेसवार ने प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया कि 14 अप्रैल को सामाजिक बंधुओं द्वारा बाईक रैली का आयोजन स्थानीय दर्री के अतिरिक्त ग्राम खुज्जी , बड़भूम , करेठी , जोंधरा , उमरवाही आदि ग्रामों से होते हुए वापिस दर्री पंहुचकर सभा के रूप में परिवर्तित होगा, जिसमे डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर की जीवनी को लेकर सामाजिक बंधुओं द्वारा अपने विचार रखे जायेंगे इसके साथ ही ग्राम में भण्डारा का भी आयोजन रखा गया है।

## विधायक, पूर्व विधायक एवं आयोग के पूर्व सदस्य ने अनीस खान के निवास पहुंचकर ईद की शुभकामनाएं दीं

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ईद के त्योहार के बाद सौहार्दपूर्ण वातावरण में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान के निवास पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का आगमन हुआ, जहां उन्होंने मिलकर ईद की



शुभकामनाएं दीं। इस दौरान आपसी भाईचारे, सौहार्द और संगठनात्मक एकजुटता का संदेश भी देखने को मिला। मानपुर-मोहला क्षेत्र के विधायक इंदरशाह मंडावी जी, डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल जी, छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा के पूर्व अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी जी, दुर्ग जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेश बाफना जी राजनांदगांव प्रवास के दौरान अनीस खान के निवास पहुंचे। इस दौरान राजनांदगांव के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक फड़नवीस एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आसिफअली भी साथ थे। सभी वरिष्ठ नेताओं के आगमन पर अनीस खान एवं उनके परिवारजनों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर नेताओं ने ईद की शुभकामनाएं देने के साथ-साथ अनीस खान को जिला कांग्रेस कमेटी का प्रवक्ता बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही उनकी संगठनात्मक सक्रियता और जिम्मेदारी निभाने की क्षमता की सराहना भी की। इस दौरान क्षेत्रीय एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने तथा पार्टी की विचारधारा को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण माहौल में आत्मीयता से परिपूर्ण रही, जिसमें आपसी अपनापन स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। भोजन उपरांत सभी अतिथि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भिलाई के लिए रवाना हुए। अंत में अनीस खान ने वरिष्ठ नेताओं के आगमन हेतु आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन उन्हें संगठन के प्रति और अधिक निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करता है तथा उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार मार्गदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की।

### बस्तर की धरा पर संपन्न हुई खेलो इंडिया एथलेटिक्स स्पर्धाएं



**रायपुर।** बस्तर की पावन धरा जगदलपुर के धरमपुरा स्थित आधुनिक क्रीड़ा परिसर में आयोजित पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के अंतर्गत गुरुवार को एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के अंतिम दिन ट्रैक पर रफ्तार, शक्ति और अटूट संकल्प का अद्भुत संगम देखने को मिला। बीते 30 मार्च से भव्यता के साथ शुरू हुए इस खेल महाकुंभ के समापन अवसर पर देश के कोने-कोने से आए जनजातीय एथलीटों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कई रोमांचक पदक अपने नाम किए। दिन की सबसे चुनौतीपूर्ण स्पर्धाओं में से एक, पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में नागालैंड के धावक वेडे टमेरो ने शुरू से ही अपनी लय बरकरार रखी और 32:28.46 के शानदार समय के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। उनके ठीक पीछे महाराष्ट्र के जुझारू एथलीट कमलाकर लक्ष्मण देशमुख रहे, जिन्होंने रजत पदक जीता, जबकि जम्मू-कश्मीर के हंस राज ने कांस्य पदक जीतकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई इसी स्पर्धा के महिला वर्ग में पश्चिम बंगाल की संजीता ओरांव ने अपनी सहनशक्ति का परिचय देते हुए 40:21.18 के समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया, जहाँ ओडिशा की संध्या मुर्मू को रजत और मेघालय की बलारिशा थिरनियांग को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

# फल सब्जियों के तुड़ाई उपरांत प्रबंधन और मूल्य संवर्धन द्वारा उद्यमिता एवं कौशल विकास विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पं. शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव में सोमवार दिनांक 30.03.2026 को फार्मर्स फर्स्ट परियोजना वित्त पोषित किसानों, कृषक महिलाओं और ग्रामीण युवाओं के लिए आय सृजन हेतु फल सब्जियों के तुड़ाई उपरांत प्रबंधन और मूल्य संवर्धन द्वारा उद्यमिता एवं कौशल विकास विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजन किया गया ड्ड यह कार्यक्रम फार्मर्स फर्स्ट परियोजना के प्रभारी एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय सुरगी राजनांदगांव डॉ. विनम्रता जैन के सफल मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम में जिले के एवं फारमर्स फर्स्ट परियोजना जो विकास खंड अम्बागढ़ चौकी के लगभग 80 से भी अधिक प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया ड्ड कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विनम्रता जैन ने आए हुए किसानों को इनके आय सृजन हेतु फल सब्जियां के तुड़ाई उपरांत प्रबंधन और मूल्य संवर्धन द्वारा उद्यमिता एवं कौशल विकास पर जोर देने की बात कही और सभी किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी वे अपनी किचन गार्डन में विभिन्न सब्जियां एवं फलों का उत्पादन करके तुड़ाई उपरांत प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन कर अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर सकते हैं जिससे उनकी आजीविका में सुधार हो सकता है। साथ ही कृषकों को विभिन्न आदान सामग्री जैसे स्प्रेयर, सब्जियों के उन्नत किस्मों के



बीज एवं फलदार पौधों जैसे आम, कटहल, नींबू इत्यादि के कलम पौधों का वो वितरण किया गया । इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. अभय बिसेन, सह प्राध्यापक द्वारा किया गया साथ ही तकनीकी सत्र में फलों एवं सब्जियों के मूल्य संवर्धन हेतु सॉस, केचअप, जैम इत्यादि का प्रायोगिक प्रशिक्षण किसानों को प्रदान किया । कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में डॉ. द्विवेदी प्रसाद, सह- प्राध्यापक ने फलों एवं सब्जियों के तुड़ाई उपरांत भंडारण एवं रख रखाव के बारे में विस्तार से बताया । डॉ. शिवाजी लिमजे सह प्राध्यापक ने मूल्य संवर्धन हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया एवं फल एवं सब्जी परिरक्षण पर विस्तारपूर्वक चर्चा किए । डॉ. शिशिर प्रकाश शर्मा सह प्राध्यापक ने किसानों को फलों द्वारा जेली एवं स्क्वैश बनाने की विधियों को विस्तार से बताया एवं किसानों को फलों से कैसे स्कवैश बनाते हैं उसकी योग वीडियो के बारे में भी बताया । डॉ. महेंद्र कुमार देशमुख ने फल एवं सब्जियों के मूल्य संवर्धन पश्चात बाजार एवं उनकी संभावनाओं के बारे में विस्तार में चर्चा किया । डॉ. डिकेश्वर निषाद ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से बने विभिन्न कृषि से संबंधित विभिन्न मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग के बारे में बताया । डॉ. डिकेश्वर निषाद, सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया ड्ड उपरोक्त कार्यक्रम मे महाविद्यालय के समस्त वैज्ञानिक, डॉ. पूजा साहू, सहायक प्राध्यापक, डॉ. हरिशंकर, एस आर एफ, डॉ छविराज बघेल, सहायक प्राध्यापक, डॉ नेहा सहायक प्राध्यापक एवं समस्त स्टाफका विशेष सहयोग रहा । इस प्रशिक्षण से किसानों को मूल्य संवर्धन एवं आजीविका प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी प्राप्त हुई, जिससे आय बढ़ाने में मदद मिलेगी , कार्यक्रम के अंत में डॉ. डिकेश्वर निषाद, सहायक प्राध्यापक , ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सभी कृषको का आभार व्यक्त किये।

## जिला सचिव विष्णु लोधी ने ग्राम कनेरी में ली संगठन सृजन अभियान की अहम बैठक, बूथ-पंचायत स्तर पर कांग्रेस मजबूती का कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

### बूथ कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ और पंचायत कमेटियां संगठन की नींव - विष्णु लोधी

**डोंगरगढ़/ बाघनदी ( नांदगांव टाइम्स )।** संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत बुधवार को, बूथ चलो ङ्क गांव चलोज्ज् के मूल मंत्र के साथ कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण के जिला सचिव व बाघनदी मंडल के प्रभारी विष्णु लोधी के सक्रिय नेतृत्व में कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय दीपक बैज जी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष विपिन यादव जी निर्देशानुसार, जिला सचिव विष्णु लोधी को बाघनदी मंडल का प्रभारी नियुक्त किए जाने के पश्चात संगठन विस्तार को लेकर तेज़ी देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में बाघनदी मंडल के ग्राम कनेरी में एक महत्वपूर्ण



संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई, जिसमें संगठन सृजन अभियान के तहत पंचायत कांग्रेस कमेटी, बूथ कांग्रेस कमेटी एवं बीएलए के गठन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव, मंडल प्रभारी विष्णु लोधी ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संचालित यह अभियान पार्टी को बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक मजबूत करने का एक ऐतिहासिक प्रयास है।बूथ कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ और पंचायत कमेटियां संगठन की नींव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस की वास्तविक ताकत गांव और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में निहित है, और इन्हीं के बल पर पार्टी जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने में सक्षम होगी। विष्णु लोधी आगे कहा कि हाल ही में जिला, ब्लॉक, मंडल एवं सेक्टर स्तर पर संगठन सृजन के बाद अब पंचायत और बूथ स्तर पर कमेटियों का गठन कर संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाया जा रहा है। यह पहल आने वाले समय में कांग्रेस की राजनीतिक शक्ति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

विष्णु लोधी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी एवं किसानों की समस्याओं से जूझ रही है, ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे हर गांव, हर बूथ तक पहुंचकर जनभावनाओं की आवाज बनें और संगठन को मजबूती प्रदान करें। बैठक को जिला अध्यक्ष विपिन यादव, महामंत्री राहुल तिवारी,जानाराम कटंगी, सिरका राम कंवर, नरसिंह यादव, नरेंद्र तिराले एवं बाघनदी मंडल के वरिष्ठ कांग्रेसजन, पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया।

### छत्तीसगढ़ी लोककला नाचा के पुरोधा दाऊ मंदराजी को उनके 125 वी जयंती पर लोककलाकारों द्वारा भावपूर्ण कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए याद किया गया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लोककला के 'नाचा विधा' के पुरोधा दाऊ मंदराजी की कर्मभूमि कन्हारपुरी वार्ड नं 34 राजनांदगांव में 'मंदराजी महोत्सव' पुरखा के सुरता के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व महापौर श्री मधुसूदन यादव, अध्यक्षता वार्ड पार्षद श्रीमती मोहनी युवराज भारती,विशिष्ट अतिथि महेश साहू पूर्व पार्षद के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष युवराज भारती , नाचा कलाकार चतुरसिंह बजरंग, नत्थन दास साहू, प्रेमलाल साव, छन्नूदास साहू, धन्नू श्रीवास, लोकगायक महादेव हिरवानी, मनहरण साहू ,मोतीलाल साव,उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री मधुसूदन यादव ने दाऊ जी की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर मुख्य आसंदी से लोककला के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि दाऊ जी ने राजनांदगांव के माटी में पैदा होकर छत्तीसगढ़ के नाचा कर्म व छतीसगढ़ी संस्कृति को देश दुनिया तक पहुँचाकर नाम कमाया।'स्व.दाऊ टहलसिंह बजरंग,स्व.दुलारसिंग निर्मलकर संगीतकार खुमानलाल साव एवं प्रसिद्ध रंगकर्मी व संगीत निर्देशक स्व. देवीलाल नाग को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर अनेक लोक कलाकारों का साल,श्रीफल, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।इस अवसर पर चेतन सोनवाने, गिरधारी लाल हिरवानी,शिव श्रीवास, दुर्गाप्रसाद साहू ,टोपराम हिरवानी,राजकुमार साहू, दिनेश साहू, राजू नाग ,श्यामरतन साहू,नीलम साहू व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# मुसराकला क्षेत्र में ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात मिला

### ग्रीष्मकालीन फसल पर रोक लगाने सरपंच व पंचों की पहल पर जागरूकता अभियान

**डोंगरगढ़/मुसरा ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान का समर्थन करते हुए ग्राम पंचायत मुसरा कला की सरपंच श्रीमती गायत्री टेम्बुरकर के नेतृत्व में पंच गणों व ग्रामीण जनों द्वारा क्षेत्र के कृषकों को ग्रीष्म कालीन फसल नहीं लेने जागरूक किया गया। इसके पूर्व ग्राम पंचायत मुसरा कला की सरपंच श्री मति गायत्री शिव टेंभुरकर की पहल पर ग्राम सभा की बैठक में ग्रीष्म कालीन धान फसल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर ग्रामीणों को सख्त संदेश दिया गया कि गर्मी में धान फसल लगाने वाले किसान के खेतों से बोर कनेक्शन के लिए लिए गये बिजली को काट दिए जायेगा। ग्राम सभा द्वारा लिए गए निर्णय को बुद्धिजीवी किसानो ने स्वागत कर जागरूकता अभियान में सहभागिता निभाया। जिसके परिणाम स्वरूप क्षेत्र के सभी किसानो ने धान का फसल नहीं लेना का फैसला किया था। जिसका सुखद परिणाम आज देखने को मिल रहा है।



ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत वर्ष ग्राम पंचायत मुसरा कला में 200 एकड़ कृषि भूमि एवम मुसरा से लगे क्षेत्रों में भी धान की फसल लगाई गई थी। जिसके कारण क्षेत्र का जल स्तर इतना नीचे गिर गया कि पीने के पानी की समस्या इतनी भयावह हो गई थी कि फरवरी माह में ही पंचायतों को टैंकरों के माध्यम से लोगों को पानी पिलाया गया। इस समस्या को देखते हुए इस वर्ष ग्रीष्मकालीन धान के फसल को पंचायत द्वारा पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया। इसके पूर्व किसानों को जागरूक करके प्रचार प्रसार किया गया था। जिसका बेहतर परिणाम प्राप्त हुआ।

**मुसराकला से लगे 20 पंचायतों में दिखा प्रभाव.**

ग्राम पंचायत मुसराकला एवं छिपा द्वारा आसपास के 20 पंचायतों से संपर्क कर एक साथ मुनादी कर ग्रीष्मकालीन धान के फसल पर रोक लगाया गया। और किसानों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। जिसके कारण मार्च महीने में भी जलस्तर में खास गिरावट महसूस नहीं की गई। नवरात्रि के दौरान ग्राम पंचायत मुसराकला के नल जल बोर में कुछ गिरावट महसूस की गई। जिसके चलते जल संसाधन मुख्य कार्य पालन अभियंता से निवेदन किया गया कि डंगोरा बांध से छिपा कोलिहापुरी नदी में पानी छोड़ा जाए तो पूरा गर्मी में क्षेत्र वासियों को पानी की दिक्कत नहीं होगी एवं जल स्तर में काफी सुधार हो सकेगा। स्थिति को समझते हुए विभागीय अधिकारी द्वारा पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया है। सरपंच गायत्री शिव टेंभुरकर एवं ग्राम पंचायत छिपा द्वारा आला अधिकारी से भी सहयोग की अपेक्षा रखते हुए निवेदन किया जा रहा है।

## धार्मिक, वैवाहिक आयोजन एवं भंडारा के पश्चात बचा भोजन अन्यत्र न फेकने आयुक्त ने की अपील

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर में समय समय पर होने वाले विभिन्न धार्मिक, वैवाहिक आयोजन एवं भंडारा के पश्चात बचे हुए भोजन को अन्यत्र फेकने से गाय, बैल एवं अन्य जानवरो द्वारा खा लेने से उनके स्वास्थ्य में प्रतिकुल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बचे खाद्य पदार्थ या भोजन खुले स्थानों पर नही फेकने पत्र के माध्यम से नागरिको से अपील की है। निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने नागरिकों से पत्र के माध्यम से अपील करते हुए कहा है कि शहर के विभिन्न स्थानो में आए दिन विभिन्न धार्मिक, वैवाहिक आयोजन किया जाता है एवं भण्डारा के रूप में प्रसाद वितरण कार्यक्रम समय समय पर कराया जाता है। प्राय: भोजन/प्रसाद वितरण के पश्चात शेष बचे हुए भोजन को अन्य खुले स्थान पर जानवरो को खिलाए जाने के उद्देश्य से डाल दिया जाता है। उक्त बासी भोजन रोटी, पुडी, चावल, सब्जी को गाय, बैल एवं अन्य जानवारो द्वारा खा लिया जाता है, खाने के उपरांत उक्त बासी भोजन उनके शरीर में जहर की तरह असर करता है, जो इनके स्वास्थ्य पर प्रतिकुल प्रभाव डालता है तथा कभी कभी जानवरो की अकाल मृत्यु होने की भी संभावना बनी रहती है तथा अन्यत्र खाद्य पदार्थ फेकने से गंदगी भी फैलती है।

**शुभांक**

**2-7-8**

**678-1 150-6**

**भाग्यांक**

**119-1 156-2**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक:**
202604092200003
विषय:- अ-6 अ
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:-2025-2026
राजकट्टा (प ह न. 00029),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार सरोज शर्मा, कृष्ण कुमार कटारे.
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका सरोज शर्मा पति मोहन लाल शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी बुधवारी पारा डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदिका के निजी भूमि स्वामित्व एवं आधिपत्य में एकल खाते में ग्राम राजकट्टा प.ह.न. 29 रा.नि.म. चौधना तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव में स्थित काश्तकारी भूमि जिसका खसरा नम्बर 506 का रकबा 0.344 एवं खसरा नम्बर 50/11 का रकबा 0.121है. कुल खसरा नम्बर 02 कुल रकबा 0.465हे. लगानी है, जिसका ऋण पुस्तिका क्रमांक 2171975 है। कार्यालय कलेक्टर जिला राजनांदगाँव के आदेश क्रमांक 4360/भू-अर्जन /2025 दिनांक 01/08/2025 कार्यालय अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भास) संभाग राजनांदगाँव के पत्र क्रमांक /5162/ कार्य 2025 राजनांदगाँव दिनांक 30/06/2025 के अनुसार प्रस्तावित जिले के अंतर्गत विकासखण्ड डोंगरगढ़ में स्वीकृत फेरलेन परिक्रमा पथ निर्माण कार्य में प्रभावित ग्राम राजकट्टा में भूमि की अवैध और अनाधिकृत खरीद बिक्री की संभावना बढ़ने की आशंका को देखते हुए उक्त प्रस्तावित मार्ग चौड़ीकरण क्षेत्र में आने वाली सभी भूमियों की खरीदी-बिक्री की. भू अर्जन के अधीन भूमि का खरीदी बिक्री बटाकंन, नक्शा सुधार एवं प्रयोजन में परिवर्तन के कारण उक्त ग्राम में पूर्णतः प्रतिबन्ध लगा हुआ है। आवेदिका के द्वारा कार्यालय कलेक्टर राजनांदगाँव (छ.ग.) को आवेदन पत्र दिया था जिसका आदेश क्रमांक त्रश्चह-2101/3047/ष्ह्रुरु ऋढ्ढह स्क्र ष्ह्य-2 स्श्चष्ट / भू अर्जन 2026 के तहत अनुमति प्राप्त हो चूका है। अतः आवेदिका अपने उपरोक्त भूमि का मौका अनुसार रकबा को ऑनलाईन एवं राजस्व रिकार्ड में नक्शा दुरुस्त करवाना हेतु निवेदन किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06/04/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/04/2026 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगढ़

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला राजनांदगांव, छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 446/अविअ/प्रवा0-3/2026
राजनांदगांव, दिनांक 23/03/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंजु जैन पति पदमचंद जैन, निवासी कैलाश नगर, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम नंदई, पटवारी हल्का नंबर 41, खसरा नंबर 107/29 रकबा 0.0940 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्?घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 02/04/2026 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23/03/2006 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव

# दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना से बदली भूमिहीन परिवारों की जिंदगी

## भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को मिला आर्थिक सुरक्षा, भूमिहीन परिवारों का बढ़ा आत्मविश्वास

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य सरकार द्वारा भूमिहीन श्रमिकों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान हेतु चलाई जा रही दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना आज ग्रामीण अंचलों में परिवर्तन की पहचान बन चुकी है। प्रतिवर्ष 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता ने भूमिहीन परिवार शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और बुनियादी जरूरतों को पूरा कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम जंगलेसर निवासी श्रीमती कविता चन्द्राकर के लिए यह योजना बड़ी मददगार साबित हुई है। अस्थायी आय के चलते बच्चों की पढ़ाई और परिवार के स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने में कठिनाई होती थी। योजना से मिली



सहायता से उन्होंने बच्चों की किताबें-कॉपी खरीदीं और इलाज पर होने वाला खर्च भी पूरा किया। श्रीमती चन्द्राकर ने बताया कि यह योजना हमारे जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस वर्ष भी बच्चों की पढ़ाई और उनके बेहतर भविष्य को संवारने में



करेंगी। इसी तरह ग्राम जंगलेसर के दैनिक मजदूर श्री डोरी लाल निषाद ने बताया कि वे बीमारी के चलते लंबे समय तक काम नहीं कर सकते हैं, जिससे परिवार आर्थिक संकट में आ गया। ऐसे कठिन समय में योजना की 10 हजार रूपए की सहायता उनके



लिए संजीवनी साबित हुई। उन्होंने पिछले वर्ष प्राप्त राशि से घर की मरम्मत कराई और इस वर्ष राशि का उपयोग स्वास्थ्य व अन्य जरूरी कार्यों में करेंगे। ई-रिक्शा चालक श्री जयप्रकाश साहू ने बताया कि इस योजना की राशि से बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ई-रिक्शा मरम्मत जैसे महत्वपूर्ण कार्य पूरे



किए। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत उन्होंने अपना घर भी बनवाया। इस वर्ष प्राप्त राशि से वे घर में बिजली और रोशनी की बेहतर व्यवस्था करने जा रहे हैं। ग्राम जंगलेसर की श्रीमती कली बाई यादव ने बताया कि वे छोटा किराना दुकान चलाती हैं, योजना द्वारा मिली राशि का उपयोग दुकान विस्तार में कर रही हैं। कुछ राशि दुकान के सामान खरीदने में और शेष घरेलू एवं स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों में लगाया। उन्होंने बताया कि वे इस राशि से अपने छोटे व्यवसाय को बड़े सपनों की ओर ले जा रही है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना सिर्फआर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि ग्रामीण भूमिहीन परिवारों के लिए सुरक्षा, स्थिरता और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बन चुकी है। ग्रामीण अंचलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और आजीविका के क्षेत्र में इसके सकारात्मक परिणाम दिख रहे हैं। हितग्राहियों ने संवेदनशील और प्रभावी योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## ज्ञान मंथन

*1) किस देश ने फिटनेस और एकता को बढ़ावा देने के लिए च्वॉक टू मार्सज् अभियान शुरू किया है?*
*2) देश में पहली बार किस राज्य ने सभी महिला कर्मचारियों के लिए हर महीने एक दिन का सवेतन मासिक धर्म अवकाश मंजूर किया है?*
*3) उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आवास का नया नाम क्या है?*
*4) भारत की वह एकमात्र नदी कौन सी है जो कर्क रेखा को दो बार काटती है?*
*5) हाल ही में किस राज्य में एक्टिनिडिया इंडिका नामक कीवी की एक नई जंगली प्रजाति की खोज की गई है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) संयुक्त अरब अमीरात (2) कर्नाटक (3) जन भवन (4) माही नदी (5) अरुणाचल प्रदेश

# महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में आंगनवाड़ी केंद्र खैरबना कला में नेवता भोज का आयोजन

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**क़बीरधाम( नांदगांव टाइम्स )** । महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक के निर्देशानुसार तथा जिला कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में एकीकृत बाल विकास परियोजना बोड़ला अंतर्गत लालपुर सेक्टर के ग्राम खैरबना कला में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 02 में विशेष नेवता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी सेवाओं के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों में पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित करना रहा। उक्त आयोजन में ग्राम खैरबना कला के चारों आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को एकत्रित कर सामूहिक रूप से पौष्टिक भोजन कराया गया। कार्यक्रम में सेक्टर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं, पर्यवेक्षक, सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा बच्चों के साथ संवाद कर पूरक पोषण आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्री-स्कूल गतिविधियों की जानकारी ली गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) योजना के अंतर्गत 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को पूरक पोषण आहार, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, परामर्श तथा पूर्व-प्राथमिक शिक्षा की सेवाएं प्रदान की जाती हैं। शासन का मुख्य उद्देश्य कुपोषण में कमी लाना,



बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना तथा समुदाय की सक्रिय भागीदारी से योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करना है। नेवता भोज कार्यक्रम इसी दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया। भोजन वितरण के दौरान स्वच्छता मानकों का पालन किया गया तथा बच्चों को हाथ धोने, साफ-सफाई और अनुशासन का महत्व भी समझाया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समुदाय से अपील की गई कि वे आंगनवाड़ी केंद्रों से जुड़कर बच्चों एवं माताओं को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का लाभ उठाएं। विभागीय अधिकारियों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर उनकी सक्रिय भूमिका से ही योजनाओं का प्रभावी संचालन संभव हो पाता है। कार्यक्रम के आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाज के जागरूक नागरिकों की भी सहभागिता रही। समाज के सक्रिय नागरिक एवं पत्रकार भुवन पटेल द्वारा अपने जन्मदिवस के अवसर पर इस सामाजिक पहल में सहयोग प्रदान किया गया। इस प्रकार व्यक्तिगत अवसर को सामाजिक दायित्व से जोड़ते हुए बच्चों के पोषण और कल्याण को प्राथमिकता दी गई, जो सामुदायिक सहभागिता का सकारात्मक उदाहरण है। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों से आग्रह किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निरंतर निगरानी एवं मार्गदर्शन के माध्यम से जिले में कुपोषण उन्मूलन एवं बाल विकास की दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त आयोजन से आंगनवाड़ी सेवाओं के प्रति समुदाय में जागरूकता बढ़ी है तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास सिद्ध हुआ है।

## सक्षम ने अभिलाषा में मनाया विश्व ऑटिज्म दिवस

**राजनांदगांव।** आज 02 अप्रैल 2026 को सक्षम समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल जिला इकाई राजनांदगांव द्वारा नगर में संचालित



दिव्यांग जनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान अभिलाषा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में विश्व ऑटिज्म दिवस के अवसर पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और हनुमान जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर दीप प्रज्वल कर व हनुमान चालीसा पाठ करते हुए गायत्री मंत्रोच्चार करते हुए किया गया, स्वागत उद्बोधन अभिलाषा संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा करते हुए उपसंचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार द्वारा भेजे गए आर्टिज़्म संबंधी संदेश का पठन किया गया साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सक्षम के सचिव श्री अरुण भास्कर गुप्ता जी के द्वारा आर्टिज्म के लक्षण एवं उसके रोकथाम के बारे में विस्तार पूर्ण जानकारी देते हुए बताया गया कि यह लक्षण जन्म से तीन वर्ष के भीतर दिखाई देने लगता है ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकों से परामर्श लेना आवश्यक है मुख्य रूप से इसका उपचार थेरेपी के साथ किया जा सकता है इसी तरह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सक्षम के अध्यक्ष हेमंत तिवारी द्वारा बताया गया कि आर्टिज्म वाले बच्चों के साथ बहुत ही संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करना चाहिए ताकि उन्हें समाज के मुख्य धारा में लाने में आसानी हो सके साथ ही उन्हें सामान्य स्कूलों में प्रवेश दिलाकर आगे की शिक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा सकती है,ऑटिज़्म से ग्रसित व्यक्ति दुनिया को एक अलग-अनोखे नजरिए से देखते हैं। उनकी क्षमताएं अलग हो सकती हैं, लेकिन वे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि सहानुभूति और सही सहयोग से हम उनके लिए एक समावेशी और सुंदर दुनिया का निर्माण कर सकते हैं।

**आज यह दिन प्रभु बजरंग बली के प्राकट्य दिवस पर शुभमंगलकामनाएं,**

बधाई देते हुए मनाया गया कि और बजरंग बली से प्रार्थना की है,आप अपने प्रभुत्व से विश्व आटिज्म दिवस पर इन नौनिहालों में खुशहाली, समृद्धि प्रदान निरंतर करते हुए आशीर्वाद देवें। कार्यक्रम में सक्षम के श्री सुनील वाजपेई जी एवं कोषाध्यक्ष श्री प्रकाश सांखला जी एवं अभिलाषा संस्था के प्राचार्य श्रीमती वंदना तुरहाते,सदस्य श्रीमती भानुमति पिल्ले,उपाध्यक्ष श्रीमती गीता राठौर आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन संस्था के शिक्षक कुशालचंद जंघेल द्वारा किया गया उक्त जानकारी संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा दी गई।

# बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत सहसपुर लोहारा में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )** । बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के सभागृह में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पंचायत सचिवों, सरपंचों, पर्यवेक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत में परियोजना अधिकारी सहसपुर लोहारा, सुश्री रीना ठाकुर द्वारा बाल विवाह से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों के कर्तव्यों एवं दायित्वों, शिकायत दर्ज करने हेतु उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों तथा पंचायत स्तर पर



आवश्यक रजिस्टर संधारण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा शिव कुमार साहू ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने अभियान की सफलता हेतु सभी से सक्रिय सहयोग एवं सतत प्रयास करने की अपील की। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई से अविनाश सिंह ठाकुर एवं सुश्री प्रिंसी गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बाल संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। वहीं, मिशन शक्ति से धनसाय साहू की उपस्थिति रही। कार्यशाला का उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्वों के प्रति प्रशिक्षित करना था, जिससे समाज से इस कुप्रथा का समूल उन्मूलन सुनिश्चित किया जा सके।

## एक मई से जनगणना शुरू करने प्रशिक्षण प्रारंभ

**रायपुर।** प्रदेश में जनगणना का काम एक मई से शुरू होगा। इसके लिए राज्य में मकान सूचीकरण तथा प्रशिक्षण का काम शुरू हो गया है। संचालक जनगणना कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में जनगणना का काम एक मई से शुरू होगा। इस नई जनगणना में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी देंगे, 11 बिंदुओं पर जानकारी मांगी जाएगी। इसके लिए शिक्षकों को विधिवत प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि यह काम सुगमतापूर्वक दिचा। राज्य में जनगणना का कार्य करने के लिए संचालक के रूप में कार्तिकेय गोयल को नियुक्त किया गया है। वे भारत के जनगणना निर्देशक से उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे हैं। राज्य में नगरपालिक निगम के माध्यम से मकान मकानों का सूची करण वार्ड स्तर पर जारी है। यहां पर जनगणना कार्यालय से डाटा संग्रह किया स 2028 तक यह काम पूरा होगा। वर्तमान में जनगणना निदेशक कार्यालय से सभी को प्रशिक्षण दिया जा रहा है इसके चलते शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है।

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से नहीं चलेगा समझौता : कलेक्टर गोपाल वर्मा

### सुदूर वनांचल के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर ने कोर कटिंग करवा कर परखी सड़क निर्माण की गुणवत्ता



**समय सीमा और गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने के दिए सख्त निर्देश**

**कलेक्टर ने बोड़ला के सुदूर वनांचल क्षेत्रों का किया निरीक्षण**

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**क़बीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में बोड़ला विकासखंड के ग्राम खडोदखुर्द, दलदली और तरेगांव पहुंचे, जहां उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। ग्राम खडोदखुर्द में मंडी बोर्ड द्वारा निर्मित सड़क तथा तरेगांव दलदली क्षेत्र में मेन रोड दुर्जनपुर-इंदिरापानी से घाटमुंडा और मेन रोड से धारपथरा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाए गए सड़कों की गुणवत्ता जांचने कलेक्टर स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने निर्माण स्थल पर उपस्थित अधिकारियों एवं तकनीकी अमले से कार्य की प्रगति और गुणवत्ता के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने सड़क की गुणवत्ता की जांच के लिए मशीन के माध्यम से कोर कटिंग कराई। इसके जरिए सड़क की मोटाई और निर्माण में उपयोग किए गए मटेरियल की मजबूती का परीक्षण किया गया। जांच में सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पाया गया। वही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बन रहे सड़कों का गुणवत्ता पूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिए।

# गायत्री विद्यापीठ में हनुमान जयंती हर्षोल्लासपूर्ण मनाई गई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी जिले की प्रतिष्ठित संस्था गायत्री विद्यापीठ में आज हनुमान जयंती का पर्व अत्यंत श्रद्धा भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिवार में विशेष पूजा अर्चना एवं सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समस्त स्टॉफ ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ शालेय प्रार्थना के साथ हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्णण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सुमधुर सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं हनुमान जी का सुन्दर भजन प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने हनुमान जी के जीवन, उनकी भक्ति, शक्ति एवं आदर्शों पर विचार भी व्यक्त किए।इस अवसर पर शाला के प्राचार्य श्री अंकित व्यास ने अपने संबोधन में कहा कि हनुमान जी त्याग, समर्पण और सेवा के प्रतीक हैं उनके जीवन से प्रेरणा लेकर विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं निष्ठा के मार्ग पर अग्रसर होना चाहिए। अंत में हनुमान जी की



अराधना के पश्चात विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों के चरण छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस प्रकार यह आयोजन विद्यालय में धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ करने वाला सिद्ध हुआ। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, स्पोर्ट्स डायरेक्टर श्री सागर चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, सह स्पोर्ट्स डायरेक्टर श्री मनोज चितलांग्या, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्री अंकित व्यास, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## धर्म समाचार....

# सरहद पार स्थित है माता का यह दिव्य शक्तिपीठ, स्थानीय लोग कहते हैं नानी की हज



देवी पुराण में वर्णित कथा के अनुसार, राजा दक्ष ने शिव जी के अपमान किया, तो इससे आहत होकर माता सती ने यज्ञ के अग्नि कुंड में अपने शरीर का त्याग कर दिया। जब भगवान शिव को इसके बारे में पता चला तो वह बहुत क्रोधित हो गए। वह माता सती के शरीर को उठाकर पूरे विश्व में घूमने लगे, जिससे चारो तरफ त्राही-त्राही मच गई। तब भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से मां सती के शरीर के कई टुकड़े कर दिए, जो धरती के विभिन्न स्थानों पर गिरे। आज इन्हीं स्थानों पर दिव्य 51 शक्तिपीठ स्थापित हैं। यह शक्तिपीठ न केवल भारत में बल्कि नेपाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान में भी स्थित हैं। इसमें से एक है हिंगलाज माता शक्तिपीठ, जिसका जिक्र दुर्गा चालीसा में भी आता है। आज हम आपको इसी दिव्य के बारे में बताने जा रहे हैं।

**गिरा था माता का यह अंग**

हिंगलाज माता शक्तिपीठ पाकिस्तान के कब्जे वाले बलूचिस्तान के लसबेला जिले के दूरस्थ में स्थित है। इस मंदिर को हिंगलाज भवानी के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस स्थान पर माता सती का ब्रह्मरंध्र (सिर) गिरा था। जिस कारण यह अत्यंत महत्वपूर्ण और दिव्य शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। यहां माता को कोटरी (भैरवी-कोट्टवीशा) और भैरव को भीमलोचन के नाम से जाना जाता है।

**इसलिए खास है यह शक्तिपीठ**

हिंगलाज माता शक्तिपीठ एक अत्यंत प्राचीन और प्रमुख हिंदू शक्तिपीठ है, जो लगभग 2000 वर्ष पूर्व से विद्यमान है। पहाड़ियों की तलहटी में एक दुर्गम गुफा




में यह मंदिर विराजमान है। ऐसे में इसका प्राकृति सौंदर्य भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। माना जाता है कि भगवान राम ने भी इस सिद्ध पीठ की यात्रा की थी।

**हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक**

यह स्थान हिंदू-मुस्लिम एकता का भी प्रतीक है। स्थानीय मुसलमान इस मंदिर को 'नानी की हज और बीबी नानी पीर कहकर भी पुकारते हैं। हर साल अप्रैल के महीने में कराची से वार्षिक तीर्थ यात्रा शुरू होती है और मेला भी लगता है। इसमें पाकिस्तान के विभिन्न प्रांतों से हजारों यात्री आते हैं। नवरात्र के दौरान भी यहां विशेष उत्सव का आयोजन होता है, जिससे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है।

## चैत्र पूर्णिमा 2026: तनाव और कलह से चाहिए मुक्ति? आज रात बस एक बार जप लें चंद्रदेव के ये नाम

आज 1 अप्रैल 2026 को चैत्र मास की पावन पूर्णिमा है। ज्योतिष शास्त्र में चंद्रमा को 'मन का कारक' माना गया है। कहते हैं कि जिसका चंद्रमा मजबूत होता है, उसका मन हमेशा शांत और एकाग्र रहता है। आज की रात चंद्रमा अपनी समस्त कलाओं के साथ आकाश में विराजमान होंगे, ऐसे में चंद्रदेव के नामों का जाप करना न केवल मानसिक तनाव को दूर करता है, बल्कि घर में सुख-समृद्धि के द्वार भी खोलता है। अगर आप भी लंबे समय से तनाव, घबराहट या पारिवारिक कलह से परेशान हैं। तो आज रात




चंद्रदेव की विशेष पूजा और उनके 108 नामों का जाप आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है।

**जप के नियम और सही विधि-** चंद्रदेव की कृपा प्राप्त करने के लिए शास्त्रों में कुछ विशेष नियम बताए गए हैं: चंद्रदेव के नामों का जाप करने का सबसे उत्तम समय रात का होता है, जब चंद्रमा पूर्ण रूप से आकाश में दिखाई दे रहे हों। पूजा से पहले स्नान करके साफ कपड़े पहनें। इस दिन सफेद कपड़े पहनना विशेष रूप से शुभ और फलदायी माना जाता है। जप शुरू करने से पहले तांबे या चांदी के पात्र में जल, कच्चा दूध, सफेद चंदन और अक्षत मिलाकर चंद्रमा को अर्घ्य दें। चंद्रमा की ओर मुख करके बैठकर या खड़े होकर जाप करें। यदि संभव हो, तो सफेद मोती या स्फटिक की माला का प्रयोग करें। इस पावन दिन पर केवल सात्विक भोजन ग्रहण करें और पूर्ण ब्रह्मचर्य का पालन करें।

- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट
स्वाती स्पोर्ट्स
खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...
क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...
स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# पालिका अध्यक्ष रमन व पार्षदों ने प्रेस क्लब बिल्डिंग के जीर्णोद्धार कार्य का किया लोकार्पण



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को प्रेस क्लब ऑफ डोंगरगढ़ भवन में हुए जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण एवं अतिथि आभार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरीश भंडारी, नगर पालिका सभापति सुमित ताम्रकार एवं पार्षद प्रीति चमन समुंद्रे मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां बम्लेश्वरी देवी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इसके पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष रमन डोंगरे ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को आईना दिखाने का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि प्रेस क्लब भवन जर्जर हो चुका था, जिसकी मरम्मत और रंग-रोगन अत्यंत आवश्यक था। जीर्णोद्धार के बाद भवन अब बेहतर स्थिति में है, जिससे क्लब के सदस्य अपने कार्य सुचारु रूप से कर सकेंगे। उन्होंने मीडियाकर्मियों के लिए शहर में पत्रकार कॉलोनी बनाने का आश्वासन भी दिया और सदस्यों से जमीन चयनित करने का आग्रह किया। अध्यक्षता कर रहे उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ने कहा कि पत्रकार समाजहित में निरंतर कार्य करते हैं, इसलिए उन्हें उचित सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष हरीश भंडारी ने कहा कि पत्रकारों की भूमिका हमेशा निष्पक्ष रहती है, चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष। उनके माध्यम से ही जनप्रतिनिधि अपनी बात जनता तक पहुंचा पाते हैं। पार्षद प्रीति चमन समुंद्रे ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जो जनसमस्याओं को जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों तक पहुंचाने का कार्य करता है। उन्होंने भविष्य में प्रेस क्लब को हर संभव सहयोग देने की बात कही। प्रेस क्लब अध्यक्ष उत्तम समुंद्रे ने जीर्णोद्धार कार्य में सहयोग करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव खूबचंद चौधरी ने किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष दीपक साखरे, कोषाध्यक्ष महेश सहारे, सदस्य रोहन सिन्हा, राजा शर्मा, प्रमोद शुक्ला, धीरज शर्मा, महेंद्र (बंटी) शर्मा, धम्मकीर्ति नंदेश्वर, कृष्णा सहारे, शेख जफर अली, मीडियाकर्मी महेश तिवारी, अभिषेक सिंह, शशांक उपाध्याय, सचिन जाम्बुलकर सहित बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

# अंजनी पुत्र पवनसुत हनुमान जी जन्म उत्सव भोथीपार खुर्द नया पारा में धुमधाम मनाया





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थल ग्राम भोथीपार खुर्द नया पारा में राजाराम मेझ प्रोडक्ट के पास हमाल एवं मजदूर संघ द्वारा सन 1983 में विराजित हनुमान जी मंदिर में 1 अप्रेल से 2 अप्रेल को जन्म उत्सव धुमधाम मनाया गया 1 अप्रेल को आदर्श मानस परिवार ढोडिया 2 अप्रेल को राम भक्त हनुमान जी जन्मदिन अवसर पर पुजा अर्चना कर अमिन माता सेवा भजन महिला मंडली भोथीपार खुर्द नया पारा शिव संगम मानस मंडली भोथीपार खुर्द पुराना पारा तुलसी साहित्य मानस परिवार सुरगी ने हनुमान जी रामचरित मानस में श्री हनुमान जी बखान किया और श्रोताओं को भक्तिमय माहौल रहा पुजारी गजाधर यादव दिलीप विश्वकर्मा विक्रम साहू दुर्गेश पटेल टुमेश साहू ओमेश यादव गोपाल साहू ऐकेश साहू चम्पा साहू मगन साहू योगेन्द्र दास वैष्णव केशव साहू अशोक साहू दिनदयाल यादव सहित ग्रामीण जन राजाराम मेझ प्रोडक्ट श्रमिक गण उपस्थित रहा।

## आदिवासी समाज ने विधायक भोलाराम साहू से की सौजन्य मुलाकात

**खुज्जी ( नांदगांव टाइम्स )।** दिनांक 01.04.2026 को ग्राम जरहाटोला, ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा, विकासखंड अंबागढ़ चौकी के



आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर खुज्जी विधायक माननीय भोलाराम साहू जी से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान जनपद सदस्य प्रतिनिधि ललित कोसारे, सरपंच जगदीश बघेल (गोडलवाही), सरपंच घासूराम सहारे, फन्नालाल, गेन्दलाल पठोती, खेमचंद, जयदयाल, दिनेश साहू, सहदेव, आत्माराम कोर्राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## घुपसाल में कर्मा जयंती पर रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 66 यूनिट रक्त संग्रह

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम घुपसाल कुमरदा में परिक्षेत्र व



ग्रामीण स्तर पर कर्मा जयंती का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर विशाल नि:शुल्क रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 66 रक्तवीरों ने रक्तदान कर जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में हजारों मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ प्राप्त किया तथा उन्हें मुफ्त दवाइयों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में लाइफलाइन ब्लड बैंक, राजनांदगांव के यूनूस भाई का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्री भोलाराम साहू रहे, जबकि प्रमुख अतिथि के रूप में पूर्व विधायक श्रीमती छनी चंदू साहू उपस्थित रहीं। वहीं श्री होरीलाल साहू (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छुरिया) एवं सरपंच श्री नरेश शुक्ला विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील साहू संघ कुमरदा के अध्यक्ष श्री मिलाप दास साहू ने की। इस अवसर पर अमरनाथ साहू, नीलमणि साहू, भवभूति कलियारी, डुमेश्वर साहू, वीरेंद्र साहू, खिलेंद्र साहू, भालचंद्र साहू, देवेंद्र साहू, गिरधारी साहू, त्रिलोचन साहू, भुवन लाल साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिक्षेत्र साहू संघ के अध्यक्ष फकीर साहू, ग्रामीण साहू समाज घुपसाल के अध्यक्ष केशव साहू, मेघनाथ साहू, डोमेश्वर साहू, उपसरपंच कामता साहू, लोमस साहू, खिलावन साहू, कोमल साहू, टीकम साहू, मुकेश साहू, गोरेलाल साहू, पुष्पांजलि साहू, गुंजा साहू, अंजू साहू, संगीता साहू, ईश्वरी साहू, लक्ष्मी साहू सहित समस्त ग्रामीण साहू समाज का विशेष योगदान रहा। साथ ही ग्राम विकास समिति के उपाध्यक्ष रामकुमार विश्वकर्मा, पूरन लाल टांडेकर, डॉ. बलराम श्रीवास, कमलाकांत साहू, वीरेंद्र साहू एवं सर्व समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। मीडिया प्रभारी मुकेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के अंत में ग्रामीण अध्यक्ष केशव साहू ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

# हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा में शामिल हुई नारीशक्ति

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी जो कि अपने त्यौहारों को विशेष भक्ति उर्जा उत्साह से मनाने के लिए संपूर्ण छत्तीसगढ़ व भारत में प्रसिद्ध रहा है यहां की उत्सव परम्पराओं को अन्य नगरों में अनुसरण किया जाता है । नगर के शोभायात्रा उत्सव की परंपरा में हनुमान जन्मोत्सव की भी अलौकिक विशाल शोभायात्रा जो कि नगर मे अग्रिम पंक्ति में आती है । जागृत देव रामभक्त श्री हनुमान के जन्मोत्सव की शोभायात्रा में संपूर्ण राजनांदगाव नगर उत्साहित होकर जुड़ता है । पूरे नगरवासी मिलकर इस महोत्सव की तरह हनुमान जयंती आयोजन समिति (पेटी ग्रुप ) की अगुवाई में प्रति वर्ष मनाया जाता है । इस वर्ष बड़ी संख्या में नारी शक्ति भी शोभायात्रा में शामिल हुई व अनेक स्थानों पर शोभायात्रा में शामिल होने के साथ-साथ स्वागत, अभिनंदन भी किया । उक्त जानकारी देते हुए श्री बागेश्वर धाम मंदिर सेविका श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता ने बताया कि



हनुमान जन्मोत्सव की निकलने वाली भव्य शोभायात्रा मे इस समाज धर्म सेवी महिलाओं को शोभायात्रा में शामिल होने का आव्हान किया गया, जिससे बड़ी संख्या में इस वर्ष मातृशक्ति की उपस्थिति हनुमान जन्मोत्सव मे रही.नारी शक्ति द्वारा भक्तिमय वातावरण मे शोभायात्रा मे उत्साह के साथ जोशिले नारे जय श्री राम जय हनुमान के लगाए जा रहे थे । तथा श्री हनुमान जी के भगवा ध्वज लहराए जा रहे थे । रामभक्त श्री हनुमान जी की अलौकिक शोभायात्रा में अपनी उत्साहपूर्वक उपस्थिति देने हेतु समस्त शामिल नारी शक्तियों का श्री हनुमान जयंती आयोजन समिति के झम्मन देवांगन, राजेन्द्र यादव, प्रज्ञा गुप्ता, संगीता शुक्ला, मोना गोसाई, साविता बोस द्वारा आभार व्यक्त किया गया है । इस भव्य विशाल शोभायात्रा में प्रमुख रूप से संगीता शुक्ला, मोना गोसाई, ज्योति खंडेलवाल ,छन्दा साहा, ममता सोनी, स्वीटी शर्मा,साविता बोस, ऋतू रायजादा, बबीता शर्मा, पम्पा सिन्हा , सुशीला देवांगन, अंजू अहिरवार, मीना यादव आदि बड़ी संख्या मे महिलाएं उपस्थित थी।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिसाहू दास महंत जी की जयंती पर नमन

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगढ़ शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 1 अप्रैल बुधवार को नवीन विश्राम भवन में कांग्रेसियों के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बिसाहू दास महंत जी की जयंती पर तैलचित्र पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर नमन कर जयंती मनाई गई। जिसके पश्चात प्रभारीगणों की उपस्थिति में डोंगरगढ़ शहर बूथ कमेटी एवं वार्ड अध्यक्ष कमेटी का गठन सभी बूथ एवं वार्ड में जाकर किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता शिशुपाल भारती,धीरज मेश्राम, जितेंद्र भाटिया,विष्णु लोधी, किरण मेश्राम,मतीन खान ने वार्ड अध्यक्ष एवं बूथ गठन को लेकर अपने अपने विचार रखे 7 कार्यक्रम का संचालन हरीश भंडारी व आभार प्रदर्शन श्रीमती निधि गजभीए ने किया 7 उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नरेश करसे,अमीन उके,रिमी भाटिया,दिनेश साखरे, किशोर अंबादे, बब्बू खान, प्रमोद टेंभुर्णिकर, मनोज साहू, देवेंद्र वाल्दे,बबलू खोबरागड़े,मोहम्मद सादिक ,प्रशांत कांडे ,रूपेश मसीह ,गणपत रजक ,दुलीचंद बडोले,दुखीचंद बडोले, निशा निर्मलकर, रितु निर्मलकर ,बबलू शांडिल, ओम प्रकाश महानदी, ललिता सखारे, माया सिंघाड़े , अल्का साखरे ,निधि चंद्रिकापुरे, पंकज सोनी ,अमन सिंह, केशव टांडी, सारिका बडोले,प्रियंका पूर्ति, रेखा खोपरागड़े ,राम जी तराने, एडविं हैदर, राहुल यादव ,कृष्ण गुप्ता ,संजीव गुप्ता, सुमित खोबरागड़े, गोपाल वर्मा ,प्रजेश सहारे, वीरेंद्र पाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# चालू वित्तीय वर्ष में संपत्तिकर का भुगतान कर छुट का लाभ लें - आयुक्त



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने नागरिकों से वित्तीय वर्ष 2026-27 में सम्पत्तिकर का अग्रिम भुगतान कर छुट का लाभ लेने की अपील की है। साथ ही गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के सम्पत्तिकर का भुगतान अप्रैल 2026 तक करने पर भी अधिभार में शासन ने छुट दिया है।आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि छ.ग.नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 137(1) के अधीन नियत तारीख के पूर्व चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में सम्पत्तिकर का एकमुश्त भुगतान करने पर छुट का लाभ दिया जावेगा। उन्होने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से 31 जुलाई 2026 तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छुट दी जावेगी। इसी प्रकार 1 अगस्त 2026 से 31 दिसम्बर 2026 तक भुगतान करने पर 4 प्रतिशत की छुट दी जावेगी। 1 जनवरी 2027 से 31 मार्च 2027 तक कोई भी छुट नही दी जायेगी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष के साथ साथ गत वर्ष के सम्पत्तिकर भुगतान में भी शासन ने एक माह की छुट प्रदान की है। चुकि इस वित्तीय वर्ष के अंतिम माहो में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य तथा जनगणना 2027 की प्रारंभिक तैयारियो एवं मान. सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पालन में एनीमल बर्थ कंट्रोल रूल के क्रियान्वयन आदि कार्यो में निकायो के अधिकारी व कर्मचारी भी संलग्न रहे, जिसके परिणाम स्वरूप आय संग्रहण की कार्यवाही प्रभावित रही। जिसके कारण शासन ने सम्पत्तिकर भुगतान करने अप्रैल 2026 तक अधिभार में छुट दिये है। उन्होंने नागरिकों से सम्पत्तिकर का भुगतान कर छुट का लाभ लेकर नगर विकास में सहयोग की अपील की है।

# निगम स्वामित्व की जी.ई.रोड एवं कस्तुरबा महिला मण्डल रोड की दुकानो के दुकानदारो की महापौर ने ली बैठक

## पुराने दुकानों का जीर्णोद्धार कर लागत राशि एवं कलेक्टर दर से प्रीमियम भुगतान पर बनी सहमति

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** निगम स्वामित्व की जी.ई. रोड एवं कस्तुरबा महिला मण्डल रोड में निर्मित दुकानो के जीर्णोद्धार के लिए आज महापौर श्री मधुसूदन यादव ने अपने कक्ष में दुकानदारो की बैठक बुलाई। बैठक में दुकानो की नई ड्राईग डिजाईन अवलोकन व लागत राशि तथा प्रीमियम आदि के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, प्र.कार्यपालन अभियंता श्री प्रणय मेश्राम तथा राजस्व अधिकारी श्री राजेश तिवारी की उपस्थिति में दुकानदारो से चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि निगम स्वामित्व की पुरानी व्यवायिक परिसरो में जी.ई. रोड में निर्मित 38 दुकाने तथा कस्तुरबा महिला मण्डल रोड में निर्मित 18 दुकाने जर्जर स्थिति मे आ गयी है, जिसका जीणोद्धार कर शासन गाईड लाईन के अनुसार पुनः व्यवस्थापन के लिए महापौर श्री यादव ने सप्ताह पूर्व दुकानदारो की बैठक बुलाकर चर्चा किये थे। चर्चा के दौरान दुकानदारो द्वारा बनाई जाने वाली दुकानो की ड्राईग डिजाईन एवं प्राक्कलन तैयार कर अवगत कराने सहमति बनी थी। इसी परिपेक्ष में महापौर श्री यादव ने आज पुनःदुकानदारो की बैठक बुलाकर चर्चा किए। महापौर श्री यादव द्वारा जी.ई.रोड एवं कस्तुरबा महिला मण्डल रोड के दुकानो का ड्राईग डिजाईन दिखाकर दुकानो की साईज, पार्किंग आदि के संबंध में चर्चा की गयी। उन्होंने ड्राईग डिजाईन अनुसार लागत राशि एवं वर्तमान प्रचलित कलेक्टर दर से ली जाने वाली प्रीमियम राशि से अवगत कराया। दुकानदारो द्वारा प्रस्तुत नई ड्राईग डिजाईन में कुछ परिवर्तन कियें जाने का सुझाव दिया गया, जिसे महापौर द्वारा स्वीकार करते हुए पुनः प्राक्कलन तैयार कर प्राक्कलन अनुसार दर निर्धारित कर पुनः बैठक बुलाकर चर्चा किये जाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि दुकानदारो की आर्थिक स्थिति को देखते हुए लागत राशि का भुगतान किश्तो में लिया जावेगा। साथ ही लीज अवधि बढ़ाने के लिए दुकानदारो से आवेदन लेकर कार्यवाही करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के पूर्व में निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जी.ई.रोड में निर्मित 38 दुकानो एवं कस्तुरबा महिला मण्डल रोड में निर्मित 18 दुकानो की साईज, बरांडा तथा पार्किंग स्थल के संबंध में ड्राईग डिजाईन अनुसार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चर्चा अनुसार दुकाने निगम की ओर पीछे से बनाई जायेगी और कलेक्टर गाईड लाईन के अनुसार प्रीमियम का निर्धारण किया जायेगा। बैठक में दोनो ओर के दुकानदार उपस्थित थे।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com